## आंगनबाड़ी भी कभी भी हो जाती है बंद, बच्चों का भविष्य अंधकार में, नहीं दिया जा रहा कोई ध्यान

# जर्जर भवन में संचलित स्कूल, बारिश में टपकता है पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

जनपद पंचायत परासिया की ग्राम पंचायत देवरी में जनहित से जुड़ी व्यवस्थाएं कुछ ठीक - ठाक नहीं है । यहां का प्राथमिक स्कूल जर्जर भवन में संचालित है । बारिश में छत भी टपकती है । आंगनबाड़ी भी मनमर्जी से चल रही है । जब चाहो बंद कर कार्यकर्ता और सहायिका चली जाती हैं ।ग्राम पंचायत देवरी में स्तिथ प्राथमिक स्कूल भवन जर्जर हो चला है । यहां 39 बच्चे हैं । जिन पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है । भवन के कई जगह से प्लास्टर झड़ गया है । लोहे की छड़ें दिखाई देने लगी हैं । बारिश में छत टपकती है । बच्चों को कक्षा के अंदर भी पानी से बचने कई जतन करने पड़ते हैं । दो शिक्षक पदस्थ हैं , जो समय - समय पर बी आर सी को स्कूल की स्तिथि से अवगत कराते हैं । विभाग के स्थानीय अधिकारियों के वश में सिर्फ इतना ही हैं , कि वे अपने उच्च अधिकारियों तक बात पंहुचा देते हैं । इस पूरे तानेबाने के बीच बच्चों का भविष्य उलझा रहता है ।






## क्या खाना खिलाने तक सिमित आंगनबाड़ी

यहां शनिवार को आंगनबाड़ी समय से बंद मिली । ऐसा लगा मानो आंगनबाड़ी बच्चों को नाश्ता और खाना खिलाने तक ही सीमित है । जब कार्यकर्ता से संपर्क साधा गया तो उन्होंने 10 मिनट में आने की बात कही । जिससे जाहिर है , की आंगनबाड़ी बिना ठोस कारण के समय से पूर्व बंद कर दी गई ।

## पंचायत में असुरक्षित रखा अनाज

अव्यवस्था के नाम पर देवरी पंचायत में एक और चीज देखने को मिली । यहां पंचायत परिसर में राशन में बाँटने वाला अनाज असुरक्षित तरीके से रखा हुआ देखने को मिला । सरपंच ने बताया , कि पंचायत के सामने सड़क निर्माण हो रहा है । राशन से भरा वाहन दुकान तक नहीं जा सकता था इसलिए उसे पंचायत के बरामदे में रखा गया है । गौर करने वाली बात यह है , कि बरामदा सामने और बाजू से खुला हुआ है । आसमान में रोज बादल मंडराते नजर आ रहे हैं । कभी भी बारिश हो सकती है । यदि ऐसा हुआ तो अनाज गीला हो जाएगा । इसमें राशन दुकान संचालक की भी लापरवाही नजर आ रही है ।

## डॉ. कावेरी तायड़े ने FMGE परीक्षा प्रथम प्रयास में परचम लहराया

**सौसर**। क्षेत्र का नाम किया रोशनसौसर भारतीय जीवन बीमा निगम (**LIC**) कार्यालय में पदस्थ वरिष्ठ बीमा अधिकारी श्री संजय तायड़े की सुपुत्री डॉ. कावेरी तायड़े ने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस (**NBEMS**) द्वारा आयोजित **FMGE** 2026 की परीक्षा में



उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है।डॉ. कावेरी ने अपनी इस सफलता से न केवल अपने माता-पिता का सिर गर्व से ऊंचा किया है, बल्कि संपूर्ण सौसर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।गौरतलब है कि **FMGE** (फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन) एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण परीक्षा मानी जाती है, जिसे उत्तीर्ण कर डॉ. कावेरी ने अब भारत में चिकित्सा सेवा के लिए अपनी योग्यता सिद्ध कर दी है।इस उपलब्धि पर श्री संजयतायड़े,डॉ. कावेरी को भारतीय बौद्ध महासभा बौद्ध युवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर, सुजाता महिला मंडल, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर, तथागत धर्म प्रकल्प समिति जाखिवाड़ा, माधवराव अंगारे वेलफेयर सोसाइटी के अलावा बुद्ध पहले अंबेडकर मिशन से जुड़े हुए संगठनों के पदाधिकारी सदस्यों ने बधाइयां प्रेषित की है।

## बुध्दम शरणम गच्छामि से गूंजा काजलवानी,दो दिवसीय 'बुद्ध धम्म महोत्सव' का हुआ आगाज




**सौंसर**। नमो तस्स भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स के मंगल उद्‌घोष और सामूहिक बुद्ध वंदना के साथ ग्राम काजलवानी की टेकडी पर बुद्ध धम्म प्रचार समिति की ओर से दो दिवसीय भव्य 'बुद्ध धम्म महोत्सव' का गरिमामय शुभारंभ हुआ। बुद्ध धम्म महोत्सव में तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर शांति भाईचारे का संदेश दिया गया।महोत्सव के पहले दिन बड़ी संख्या में धम्म प्रेमियों अंबेडकरवादी अनुयायियों ने हिस्सा लिया। समिति के सदस्यों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संवैधानिक मूल्यों और बुद्ध के अष्टांगिक मार्ग को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। गौरतलब है कि इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए समिति पिछले 6 महीनों से निरंतर प्रयासरत थी।महोत्सव का उद्‌घाटन नागपुर के श्रद्धेय भन्ते विजया मैत्रेय के द्वारा कीया गया। मंच पर के. सोमकुंवर, समिति अध्यक्ष डॉ. वाय. एल. ठवरे, मोरेश्वर रंगारे, देवेंद्र बागड़े डॉ. राहुल वहाने,लता नागदवने,आदि उपस्थित रहे। दीपाली बागडे और नम्रता ठवरे ने 'अंबेडकरी आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी' पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता रंजीता प्रज्ञा ने की। अंकुश कुमार बौद्ध, सांची जीवने और अश्विनी गजभिए ने युवाओं को समाज की रीढ़ बताया। प्रथम दिन के संध्या सत्र में अनुष्का शेंडे (घायल पाखरा) और साथियों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। वहीं, 'द बुद्धिस्ट गोल्डन एरा वूमेन इरा फाउंडेशन' द्वारा संविधान जनजागृति पर आधारित प्रेरणादायी कार्यक्रम पेश किया गया। आयोजन में रमेश शंभरकर,कल्पना सोमकुवर,लता नागदवने, अजय शेंडे, सतीश घोटेकर, रेखा शेंडे, माया दुफारे,मुरलीधर कामले सहित समस्त समिति सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। रविवार को कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरन के साथ होगा।

## डॉ.विनोद सनेसर उत्कृष्ट कार्य के लिए हुए सम्मानित

**सौंसर**। शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय लोधीखेड़ा के अंग्रेजी विषय के उच्च माध्यमिक शिक्षक, डॉ. विनोद सनेसर को पांढुरना जिले के ऐसे प्रथम अंग्रेजी शिक्षक होने की उपलब्धि प्राप्त हुई है जो राज्य शिक्षा केंद्र ,स्कूल शिक्षा विभाग मप्र शासन द्वारा पीजीडीटीई अंग्रेजी में चयनित होकर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए साथ ही जिले के माध्यमिक शिक्षकों को अंग्रेजी भाषा अध्यापन का जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु ट्रेनर नियुक्त किया गया है । इस उपलब्धि पर गणतंत्र दिवस के



अवसर पर श्री नीरज वशिष्ठ कलेक्टर पांढुरना द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है । इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी एस बघेल , सहायक संचालक सौसर रश्मी कुशरे, विकास खंड शिक्षा अधिकारी पांढुर्णा श्री एच बी हांडे,विकास खंड शिक्षा अधिकारी सौसर श्री भास्कर गावंडे, पूर्व संकुल प्राचार्य श्रीमती रीता टंडैया, संकुल प्राचार्य, शाला प्राचार्य एवं पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा के डॉ. पी. एन. सनेसर सहित परिवारजनों एवम् शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित की है ।

## जिला चिकित्सालय/मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकीय लापरवाही पर तीन चिकित्सकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला चिकित्सालय एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय छिंदवाड़ा में घटित चिकित्सकीय लापरवाही के गंभीर प्रकरणों को लेकर कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने दोषी चिकित्सकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव मध्यप्रदेश शासन को भेजा है। यह प्रस्ताव विशेष रूप से श्रीमती ललिता डोंगरे के गर्भस्थ शिशु की मृत्यु (IUD) से जुड़े प्रकरण सहित अन्य मामलों के संबंध में प्रस्तुत किया गया है, जिनसे स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 नवंबर 2025 को घटित उक्त IUD प्रकरण की जांच में चिकित्सकीय लापरवाही प्रमाणित पाई गई। इस संबंध में मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा के तीन



चिकित्सकों डॉ.निधि मखीजा (सीनियर रेजीडेंट), डॉ.दिव्या धागरे (मेडिकल इंटर्न) एवं डॉ. शिवानी साहू (मेडिकल इंटर्न) को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे, किंतु आज दिनांक तक इनके द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया है। निरीक्षणों एवं प्राप्त शिकायतों के आधार पर यह भी सामने आया है कि संबंधित चिकित्सक निर्धारित ड्यूटी के अनुसार समय पर उपस्थित नहीं रहते, पूर्ण अवधि तक ड्यूटी का निर्वहन नहीं करते तथा निरीक्षण के दौरान भी अनुपस्थित पाए गए हैं। इससे अस्पताल की कार्यप्रणाली एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। कलेक्टर श्री नारायन द्वारा भेजे गए प्रस्ताव में उल्लेख किया गया है कि जिला चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं एवं चिकित्सकीय लापरवाही से संबंधित नकारात्मक समाचार निरंतर मीडिया में प्रकाशित हो रहे हैं, जिससे आमजन में असंतोष व्याप्त है और जिले की प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य सेवाओं की छवि प्रभावित हो रही है। यह स्थिति शासन की जनकल्याणकारी मंशा एवं उत्तरदायी प्रशासन की अवधारणा के प्रतिकूल है। प्रकरण में मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 का उल्लंघन पाया गया है, जो कर्तव्यनिष्ठा, उत्तरदायित्व एवं जनसेवा के प्रति समर्पण से संबंधित है। इन तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के अंतर्गत तीनों चिकित्सकों के विरुद्ध उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने का अनुरोध शासन से किया गया है।

## डिप्टी कलेक्टर श्री पटेल एवं मेडिकल कॉलेज डीन डॉ.सिन्हा ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल कुमार पटेल एवं मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा डीन डॉ.अभय कुमार सिन्हा द्वारा आज प्रातः 9 बजे जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने ओ.पी.डी., मेडिकल वार्ड, आईसीयू का निरीक्षण किया गया, जिसमें संबंधित डॉक्टर्स अनुपस्थित पाये गये। इस पर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.सिन्हा द्वारा अनुपस्थित डॉक्टर्स को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुये शासन के निर्देशानुसार समय पर अस्पताल पहुँचने के लिये निर्देशित किया गया।

## सांसद बंटी विवेक साहू ने 6 मरीजों को दिलाई 2 लाख 25 हजार की आर्थिक मदद

**छिंदवाड़ा**। सांसद बंटी विवेक साहू ने 6 जरूरतमंद मरीजों को 2 लाख 25 हजार की आर्थिक मदद दिलाई है। सांसद श्री साहू की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता दी गई है। सांसद श्री साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान मद से भानु डेहरिया पिता कोमल डेहरिया को 30 हजार, नकुल पिता सतीश यदुवंशी को 20 हजार, कुमारी जयवंती जम्हारे पिता राम भरोस जम्हारे को 20 हजार, बुधमान धुर्वे पिता सुमेरा धुर्वे को 50 हजार,रामदास पिता बिहारी लाल को 75 हजार एवं येनु बाई बोबडे पति विठ्ठलराव बोबडे को 30 हजार की राशि दी है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मरीजों और उनके परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुए बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने का निवेदन किया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने तत्काल ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर मरीजों को आर्थिक सहायता राशि दिलाने का निवेदन किया था। सांसद के प्रयास से सहायता राशि मिलने पर गंभीर बीमारियां से पीड़ति मरीजों का प्राइवेट अस्पतालों में इलाज हो सकेगा। आर्थिक सहायता मिलने पर मरीजों और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

## तीसरी बार कोयला श्रमिक सभा एचएमएस पेंच क्षेत्र के अध्यक्ष बने राजेश सूर्यवंशी



**परासिया** :- कोयला श्रमिक सभा एच एम एस का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 30 जनवरी को नागपुर में संपन्न हुआ । जहां जेबीसीसीआई सदस्य एवं केन्द्रीय अध्यक्ष वेकोलि शिवकुमार यादव द्वारा पेंच क्षेत्र की नवीन कार्यकारणी की घोषणा की गई । जिसमें अध्यक्ष पद पर राजेश सूर्यवंशी को तीसरी बार नियुक्त किया गया । वहीं महामंत्री के पद पर राहुल पाल एवं कोषाध्यक्ष पद पर हासिम खान महादेवपुरी भूमिगत खदान की नियुक्ति की गई । पेंच क्षेत्र के समस्त सदस्य कामगारों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की ।

## स्टेशन रोड का हो डामरीकरण रहवासियों ने नपा अध्यक्ष से लगाई गुहार



**परासिया** : परासिया स्टेशन रोड के डामरीकरण के लिए रहवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवी से गुहार लगाई है । स्थानीय निवासी दिलीप जैन , मयंक सेतिया , सुरेश दुबे , राजा विश्वकर्मा , नीलेश यादव , आयुष दुबे , कार्तिक सोनी , मनीष जैन , गोल्डी बन्देवार और असलम खान सहित अन्य लोगों ने अध्यक्ष को लिखित आवेदन दिया और कहा कि वे वार्ड 9 और 10 के निवासी हैं । इन वार्डों से स्टेशन जाने वाले मार्ग जर्ज़र हो गए हैं । जिसमें चलना दुभर हो गया है । गुरु गोविन्द सिंह तिराहा से स्टेशन तक का मार्ग भी जर्ज़र है । इस मार्ग के दोनों ओर दुकानें हैं । अस्पताल भी है । इन दिनों मक्के से भरे भारी - भरकम वाहनों की भी खूब आवाजाही है , जिससे मार्ग और खस्ताहाल हो रहा है । लोगों का कहना है , कि इस मार्ग पर डामर की परत बिछा दी जाए तो परेशानी से राहत मिलेगी । अध्यक्ष श्री मालवी ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है ।

## रिटायर्ड प्रोफेसर एस.व्ही. के सिंग को दी गई विदाई

**परासिया** :- श्री श्री लक्ष्मी नारायण शासकीय स्नातकोत्तर पेंच व्हेली विद्यालय में पदस्थवाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एस.व्ही. के सिंग शनिवार 31 जनवरी को अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गये । उन्हें एक समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई ।संस्था के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार बारसिया एवं महाविद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य , उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हुए बताया , किप्रोफेसर एस.व्ही.के सिंग ने अपने 39 वर्ष के कार्यकाल के दौरान शिक्षण , शोध एवं प्रशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया । उनके नेतृत्व में विभाग ने अकादमिक उत्कृष्टता , नवाचार तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ प्राप्त कीं । वे न केवल एक कुशल प्राध्यापक रहे बल्कि विद्यार्थियों एवं सहकर्मियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत भी रहे ।

## देवी में 'विराट हिंदू सम्मेलन' में गूंजा एकता का शंखनाद

**सौंसर**। हिंदू समाज की एकजुटता, गौरवशाली संस्कृति और सनातन परंपराओं के संरक्षण के पावन उद्देश्य के साथ ग्राम देवी स्थित सती अनुसूया माता लॉन में 'विराट हिंदू सम्मेलन' का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में आयोजित इस सम्मेलन में ग्राम देवी सहित आसपास के अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु समाज जन केसरिया ध्वज तले एकत्रित हुए।कार्यक्रम का आगाज पूर्ण विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार, दीप प्रज्वलन और भगवा ध्वज वंदन के साथ किया गया। पूरे परिसर में जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय और ऊर्जावान हो गया।सम्मेलन को मुख्य वक्ताओं के रूप में यशवंत पाठे, भोलाराम घाघरे श्रीमती वंदना आहाके ने संबोधित किया।

### अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को सुनने के बाद तत्काल समाधान का दिया आश्वासन

## सिराठा में गेंदे के फूल की खेती का अपर कलेक्टर ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

ग्रामीण आजीविका और फूलों की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज ग्राम सिराठा में गेंदे के फूल की खेती का विशेष अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री नीलमणि अग्निहोत्री तथा संयुक्त कलेक्टर सुश्री नेहा सोनी ने संयुक्त रूप से गांव के फूलों के खेतों और किसानों द्वारा अपनाई गई तकनीकों का निरीक्षण किया।

अवलोकन के दौरान अधिकारियों ने गेंदे के फूल की विभिन्न किस्मों, उन्नत कृषि तकनीकों और उत्पादन बढ़ाने के तरीकों का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी



खेती में आने वाली चुनौतियों, लागत और बाजार तक पहुंच की समस्याओं को समझा। अपर कलेक्टर श्री अग्निहोत्री ने कहा कि गेंदे की खेती न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करती है, बल्कि महिलाओं और युवाओं के लिए स्वरोजगार का एक महत्वपूर्ण साधन भी है। संयुक्त कलेक्टर सुश्री नेहा सोनी ने किसानों को आधुनिक खेती के तरीकों, जैविक उत्पादन बढ़ाने के उपाय और बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करने के तरीकों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन किसानों को हर संभव सहायता प्रदान करेगा ताकि गेंदे के फूल की खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदलना संभव हो सके।

इस अवसर पर ग्राम सिराठा के स्थानीय किसान और महिला समूह भी उपस्थित रहे। उन्होंने अधिकारियों को खेती की स्थिति, बाजार में आने वाली समस्याओं और आवश्यक संसाधनों के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को सुनने के बाद तत्काल समाधान के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने का आश्वासन दिया। अवलोकन के दौरान अधिकारियों ने खेतों की स्थिति का निरीक्षण करने के साथ-साथ किसानों के अनुभव और सुझाव भी ध्यानपूर्वक सुने। उन्होंने किसानों को प्रोत्साहित किया कि वे नई तकनीकों को अपनाकर गेंदे के फूल का उत्पादन बढ़ाएँ और इसे स्थायी स्वरोजगार का माध्यम बनाएं।

### संकल्प से समाधान अभियान का लिया जायजा

अपर कलेक्टर श्री नीलमणि अग्निहोत्री एवं संयुक्त कलेक्टर सुश्री नेहा सोनी द्वारा संकल्प से समाधान अभियान में ग्राम सिराठा शिविर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने शिविर में चल रही गतिविधियों और सेवाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कालेज के प्राचार्य प्रो. शर्मा की 42 वर्षीय सेवाओं की स्मृति में अभिनंदन समारोह

**छिंदवाड़ाः** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस छिंदवाड़ा के प्राचार्य प्रो. वाय. के. शर्मा की उच्च शिक्षा विभाग के विभिन्न कॉलेजों में यशपूर्ण सेवाओं की स्मृति में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रो लक्ष्मीचंद ने कहा कि छात्र प्राध्यापकीय छवि के वाहक होते हैं, इस मामले में प्रो. वाय. के. शर्मा को उनके उच्च शिक्षा विभाग में उल्लेखनीय योगदानों के कारण कोई अफसोस नहीं है। प्रो. अमर सिंह ने प्रो. शर्मा के व्यक्तित्व को सहिष्णुता, अहमशून्यता और शिष्टता भरे आचरण सज्जन प्राध्यापक की मिसाल का एक ऐसा आइकॉन बताया, जिसने रा.से.यो. व एनसीसी के स्वयंसेवक से जीवन सफर की शुरूआत करके जिला संगठक, सेकंड लेफ्टिनेंट बनने के पथ को प्रशस्त करते हुए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस छिंदवाड़ा के पूरे मध्य प्रदेश में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्राचार्य बनने का गौरव प्राप्त किया है। प्रो. साधना जैन ने प्रो. शर्मा को अकार्बनिक रसायन के दुर्लभ रसायन तत्वों की खोज करने वाले शोध विशेषज्ञ प्राध्यापक कहा। प्रो. सी. डी. राव ने कहा कि प्रो. शर्मा मुश्किल घड़ी में अपने अधीनस्थ स्टाफ के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने वाले प्राचार्य हैं।



क्रीड़ाधिकारी प्रो. सुशील पटवा ने कहा कि प्रो. शर्मा सांस्थानिक ढांचागत विकास के लिए किसी भी हद तक मदद करने में सकुचाते नहीं हैं। प्रो. आर. पी. यादव ने प्रो. शर्मा जैसी शख्सियत को बहुआयामी प्रतिभा का खिलाड़ी बताया जो किसी भी संस्थान के लिए एक परिसंपत्ति होते हैं। प्रो. पी. एन. सनेसर ने प्रो. शर्मा के राष्ट्रीय सेवा योजना की श्रम सेवा और त्याग की पताका को अनंत ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला बहुपुरस्कृत प्राध्यापक कहा। प्रो. शालिनी पाटिल ने प्रो. शर्मा को छात्रहित में रचनात्मक सामर्थ्य का, प्रो. कविता शर्मा ने संघर्षों के मोड़ पर शांतिपूर्ण कुशल नेतृत्व के धनी, देवेंद्र पवार ने निष्कलंक निर्विवाद कर्तव्यपरायणता का और जितेंद्र झरबड़े ने क्षमाशीलता का पर्याय बताया। गौतम पाटिल ने प्रो. शर्मा को जीवन प्रबंधन का गुरू, एवं प्राचार्य शशिकांत यादव ने प्रो. शर्मा को प्रशासनिक प्रबंध का एक बेहतरीन अंदाज वाला प्राध्यापक कहा। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के सभी विभागों, जिले के प्राचार्यों और क्रीड़ा विभाग की ओर से 50 किलो फूलों से बने हार से प्रो. शर्मा की चार दशक से अधिक वर्षों की सेवाओं को याद करते हुए अभिनंदन किया। सम्मान समारोह में प्रो. डी. डी. विश्वकर्मा, प्रो. जी. वी. ब्रह्मे, प्रो. निखिल कानूनगो, प्रो. अनिल जैन, प्रो. शैलेश बागड़े, प्रो. जे के डोंगरे, प्रो. अरुणा परतेती, प्रो. सुनीता दयाल, प्रो. मनोज माहोरे, प्रो. अर्चना चतुर्वेदी, प्रो. प्रीति देशमुख, प्रो. सुसन्ना लाल, लक्ष्मण ठाकरे एवं समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया

**छिंदवाड़ाः** दिनांक 1 फरवरी दिन रविवार को कलेक्ट्रेट के सामने स्थित मैदान में सस्ती माता उपनगर हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रातः 11:00 बजे परासिया रोड स्थित सस्ती माता मंदिर से सैकड़ो की संख्या में मातृशक्ति द्वारा अपने सर पर कलश रखकर भव्य कलश कलश यात्रा का आयोजन आयोजन स्थल मैदान तक किया गया। इसके पश्चात



हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा भव्य सांसारिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा नृत्य एवं नाट्य मंचन कर प्रस्तुति दी गई। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में परम पूज्य गुरुदेव श्रद्धा विवेक जी संस्थापक आनंद ही आनंद संस्थापक मां नर्मदा ज्ञानपीठ,डॉक्टर सुरेंद्र जी उपस्थित थे आप 1983 से उत्तराखंड से प्रचारक निकले तथा इसके पश्चात उत्तराखंड उत्तर प्रदेश छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश में आप प्रचारक रहे तथा वर्तमान में सामाजिक सद्भाव प्रमुख के दायित्व में हैं। वक्ता के रूप में इसके अतिरिक्त श्रीमती अंबिका रघुवंशी दीदी उपस्थित थी जो वर्तमान में राष्ट्र सेविका समिति महाकौशल प्रांत की प्रांत सह कार्यवाहिका है। सम्मेलन में संत समाज की ओर से उपस्थित श्रद्धा विवेक जी ने अपने प्रारंभिक अध्ययन के पश्चात उच्च शिक्षा अमेरिका में पूर्ण की थी। श्रद्धेय विवेकजी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि आज के समय में हिन्दुओं को हिन्दू बनना आवश्यक है। हिन्दू समाज कभी गुलाम नहीं रहा—बीते हजार वर्षों से हिन्दू निरंतर संघर्ष करता आया है, और इसी संघर्ष के कारण हिंदुत्व और हमारे संस्कार आज भी जीवित हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हिन्दू की पहचान उसके आचरण और प्रतीकों से होती है— हाथ में मौली, माथे पर तिलक, और गले में माला केवल आडंबर नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और चेतना के प्रतीक हैं। श्रद्धेय विवेकजी ने यह भी कहा कि तथाकथित सेक्युलर सोच हमें भ्रमित करती है और हमें हमारे संस्कारों व परंपराओं से तोड़ने का प्रयास करती है। जो अपने मूल से डिगता नहीं, जो परिस्थितियों में भी अडिग रहता है— वही सच्चा हिन्दू है। उन्होंने आह्वान किया कि हर हिन्दू परिवार के घर में गीता, रामायण, महाभारत, वेद और पुराण अवश्य होने चाहिए, क्योंकि यही ग्रंथ हमें हमारी जड़ों से जोड़ते हैं। अंत में उन्होंने गर्व के साथ कहा कि हमारा इतिहास केवल 3000 वर्ष पुराना नहीं है, बल्कि लाखों वर्षों की सनातन परंपरा और सभ्यता का गौरवपूर्ण इतिहास हमारा है। आज आवश्यकता है अपने इतिहास को जानने, मानने और उस पर गर्व करने की।

## केंद्र व राज्य शासन की अल्पसंख्यक योजनाओं पर छिंदवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा में केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा करने हेतु एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री चंद्र अयोधी, अल्पसंख्यक विभाग (कलेक्टर कार्यालय) छिंदवाड़ा, श्रीमती अल्पना बी. कुमार (सेवानिवृत्त प्राचार्य) एवं श्री नीरज तिमोथी, स्वास्थ्य विभाग छिंदवाड़ा ने समाज के लोगों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से उपस्थित नागरिकों की शंकाओं का समाधान भी किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं की सराहना की और इनके लाभ को समाज के लिए उपयोगी बताया।इस अवसर पर पंचायत सदस्य श्री सी. आर. हैमिल्टन, श्री पवन मैथ्यूज, श्री संजय किशोर साहू एवं श्री सेमसन दुबेलाल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना रहा।

# षड़यंत्र पूर्वक अज्ञात जहरीली मिठाई से हत्या एवं हत्या का प्रयास करने वाले तीन आरोपियो को किया गिरफ्तार

छिंदवाड़ा। 08/01/26 की रात्रि में **PHE** कार्यालय जुन्नारदेव के गेट के किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा एक थैले में सब्जी भाजी नमकीन के साथ मिठाई का डिब्बा रखकर थैला को मुकेश कथुरिया निवासी जुन्नारदेव के चाय के ठेला के पास टांग दिया था । उस थैला में रखे मिठाई के कुछ पीस को दिनांक 09/01/26 को **PHE** कार्यालय जुन्नारदेव चौकीदार दशरू यदुवंशी निवासी डुंगरिया ने खा लिया था जिसकी तबियत खराब होने पर उसे जिला अस्पताल छिंदवाड़ा में भर्ती किया गया था जहां पर उसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी । दिनांक 10/01/26 को पीएचई. कार्यालय के गेट के पास चाय ठेला लगाने वाले मुकेश कथुरिया की पत्नी संतोषी कथुरिया ने भी उस थैला में बची हुई मिठाई के दो तीन पीस को घर ले जाकर अपनी दोनो बेटी खुशबु , पूजा एवं ससुर सुन्दरलाल के साथ सेवन कर लिया था जिससे उनकी तबियत खराब होने पर सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसमें से सुन्दरलाल कथुरिया की दिनांक 13.01.26 को एवं खुशबु कथुरिया की दिनांक 14.01.26 को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी संतोषी और उसकी बेटी पूजा स्वस्थ होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया था ।

पुलिस के द्वारा दशरू यदुवंशी के मिठाई खाने से बीमार होने पर अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी सोशल मीडिया से प्राप्त होने पर पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये पीएचई. कार्यालय जुन्नारदेव जाकर गेट के पास हरे रंग के थैला में रखी हुई उस मिठाई के 02 पीस को डिब्बा एवं हरे रंग का थैला सहित दिनांक 10.01.2026 को जप्त किया जाकर एक नमूना मिठाई के 01 पीस को खाद्य एवं औषधि विभाग छिन्दवाड़ा को परीक्षण हेतु दिनांक 11.01.2026 को सुपुर्द किया गया है, जिसकी परीक्षण रिपोर्ट दिनांक 19.01.2026 को प्राप्त हुई जिसमे मिठाई में आरसेनिक तत्व की मात्रा 25648 **mg/Kg** (2.56%) होना पायी गई, जबकि मानक न्यूनतम मात्रा 1.1 **mg/Kg** होना लेख किया गया है एवं रिपोर्ट में मिठाई के नमूना को **Unsafe** बताया एवं मृतक सुन्दरलाल कथुरिया के डाक्टर द्वारा प्रिजर्व किये गये विसरा की जांच कराई गई जिसमें भी आर्सेनिक तत्व पाया गया । जिससे स्पष्ट हुआ कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा जानबूझकर हत्या करने की नीयत से मिठाई में आर्सेनिक युक्त पदार्थ मिलाकर पीएचई. कार्यालय के गेट के पास रख दिया है जिसके बाद अज्ञात आरोपी तलाश पतासाजी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय छिंदवाड़ा श्री अजय पांडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आशीष खरे एवं अनुविभागीय अधिकारी श्री सुनील वरकड़े के द्वारा थाना प्रभारी जुन्नारदेव आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये जो वरिष्ठ अधिकारियो के दिशा निर्देश के पालन मे जुन्नारदेव पुलिस एवं सायबर सेल के द्वारा अथक व सतत रूप से प्रयास किये गये । पुलिस के द्वारा गोपनीय रूप से जानकारी प्राप्त की गई कि आर्सेनिक तत्व सोमल नामक दवाई में पाया जाता है तथा सोमल दवाई का उपयोग घोड़ा पालने वाले लोग घोड़ो को शीत से बचाने के लिये अत्यंत कम मात्रा में खिलाते है यदि उसकी ज्यादा मात्रा किसी इंसान को खिला दिया जाय तो इंसान को तुरंत ही उल्टी दस्त शुरू होकर उसकी मृत्यु हो जाती है । मृतिका खुशबु के ग्राम थावरीकला थाना चांद के ससुराल वाले की अपने घर में घोड़ा पालते है और उन्हे सोमल दवाई खिलाते है ।

मिठाई का सेवन करने से सुन्दरलाल कथुरिया की मृत्यु होने पर थाना जुन्नारदेव में मर्ग क्रं.02/2026 धारा 194 **BNSS** एवं खुशबु कथुरिया की मृत्यु होने पर थाना जुन्नारदेव में मर्ग क्र. 04/26 धारा 194 बीएनएसएस. का पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया था । मर्ग जांच के दौरान मृतिका खुशबु एवं मृतक सुन्दरलाल के परिजनो से पूछताछ करने पर जानकारी प्राप्त हुई कि संतोषी कथुरिया की बड़ी बेटी खुशबु कथुरिया को संतोषी के भाई झाड़ू कसार का बड़ा बेटा अखिलेश निवासी थावरीकला ने भगाकर शादी कर लिया था जिसकी एक 04 माह की बेटी है ससुराल वाले खुशबु को प्रताड़ित करते थे इसलिये दिनांक 03.12.25 को संतोषी कथुरिया ने अपनी बेटी खुशबु को और उसकी 04 माह की बेटी को अपने घर जुन्नारदेव लेकर आ गई थी और ससुराल थावरीकला वापस नही जाना चाह रही थी, परंतु खुशबु का ससुर , देवर और ननंद अपनी बहु खुशबु को वापस ससुराल बुलाने के लिये रिश्तेदारी में फोन लगाकर धमकी भी दे रहे थे । मृतक के परिजनो के द्वारा खुशबु के ससुराल वालो पर शंका व्यक्त करने पर उसके ससुराल पक्ष ससुर , देवर और ननंद से पूछताछ की गई जिन्होने घटना करने से इंकार किया परंतु उनके विरूद्ध तकनीकी साक्ष्य प्राप्त होने पर उनसे वैज्ञानिक रीति से पूछताछ की गई तो जानकारी प्राप्त हुई कि उनकी बहु खुशबु कथुरिया ससुराल से मायके आने के बाद रिश्तेदारी एवं गाँव में ससुराल वालो की बुराई बताकर बदनाम करती थी । ससुर के द्वारा बहु के बीमार होने पर इलाज करने के बहाने बहु के निजी अंगो को हाथ से स्पर्श करने, देवर और ननंद के द्वारा मारपीट करने जैसी बातें रिश्तेदारो को बताती थी जिसके कारण इनकी बदनामी होती थी । इसी कारण ससुर झाड़ू कसार , देवर शुभम कसार और ननंद शिवानी कसार ने मिलकर खुशबु और उसके परिवार वालो की हत्या करने का प्लान बनाये जिसके लिये तीनो दिनांक 05.01.26 को थावरीकला से जुन्नारदेव आकर मुँह में कपड़ा बांधकर अपनी पहचान छुपाते हुये मुकेश कथुरिया के ठेला लगाने वाले स्थान पीएचई. कार्यालय जुन्नारदेव तरफ जाकर रेकी किये और दिनांक 08/01/26 की रात में तीनो के द्वारा घोड़ो को अत्यंत कम मात्रा में दवाई के रूप में दी जानी वाली सोमल दवाई (आर्सेनिक) को अपने घर में ही मिठाई में मिलाकर उसे जहर बनाकर एक थैला में अन्य सब्जी एवं नमकीन के साथ रखकर ससुर झाड़ू कसार और देवर शुभम कसार के द्वारा मोटर साईकल से दिनांक 08/01/26 की मध्य रात्रि में आकर पीएचई. कार्यालय जुन्नारदेव में खुशबु के पिता मुकेश कथुरिया के चाय के ठेले के पास स्थित गेट के पास चोरी छुपे रख दिये थे जिसे सबसे पहले पीएचई. कार्यालय जुन्नारदेव का चौकीदार दशरू यदुवंशी ने खाया फिर संतोषी ने अपने परिवार वालो के साथ खाई जिनकी तबियत खराब होने पर दशरू यदुवंशी , खुशबु कथुरिया और सुन्दरलाल कथुरिया की मृत्यु हो गई । इस प्रकार झाड़ू कसार, शुभम कसार एवं शिवानी कसार तीनो निवासी ग्राम थावरीकला थाना चांद जिला छिन्दवाडा के द्वारा हत्या करने का आपराधिक षडयंत्र रचते हुये खुशबु कथरिया एवं सुन्दर कथुरिया की जहरीली मिठाई देकर हत्या करने एवं संतोषी कथुरिया और पूजा कथुरिया की हत्या करने का प्रयास करने का दण्डनीय अपराध घटित करना पाये जाने पर तीनो आरोपियों के विरूद्ध धारा 103(1),109(1), 61(2) **BNS** का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तीनो आरोपियो को आज दिनांक 01/02/26 को गिरफ्तार कर आरोपी शुभम से घटना में प्रयुक्त उसकी काले रंग की हीरो एचएफ. डीलक्स मोटर साईकल और मोबाईल को जप्त किया गया है तथा तीनो आरोपियो को माननीय न्यायालय जुन्नारदेव में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है जिनसे पूछताछ जारी है ।

# बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े को दिल्ली में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा

### अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े पूर्व में भीमरत्न एंड संविधान रत्न से अनेकों सम्मानों से सम्मानित हो चुके है



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** वर्ल्ड कल्चर एंड इनवायरमेंट प्रोटेक्शन कमीशन संस्थान द्वारा कांस्टीट्यूशन क्लब दिल्ली में संत रविदास जयंती माघ पूर्णिमा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम 1 फरवरी 2026 को आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता संजय खोबरागड़े को समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य को दृष्टिगत रखते हुए उत्कृष्ट योगदान के लिए डाक्टरेट की मानद उपाधि से कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आचार्य येशी फुंटसोक (डिप्टी स्पीकर तिब्बतन पार्लियामेंट) डॉ. सीएम भगत डायरेक्टर भगत हॉस्पिटल दिल्ली निर्मला वर्मा चेयरमैन मुंसिपल कार्पोरेशन दिल्ली विजय यादव कमिश्नर पुलिस दिल्ली ईशा अग्रवाल मिस इंडिया के हस्ते नवाजा गया। अधिवक्ता संजय खोबरागड़े विद्यार्थी जीवन काल से ही बुद्ध अंबेडकर मिशन के प्रति समर्पण भाव से कार्य करते हुए अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी को सजग करने व उनकी समस्याओं का निदान करने हेतु डॉ. अंबेडकर स्टूडेंट्स फेडरेशन की स्थापना की आप संस्थापक अध्यक्ष रहे है। उमरी कटंगी में स्थित ऐतिहासिक धम्म भूमि के आप संस्थापक है। धम्म शिखर सद्धम प्रचार केंद्र बनिया टोला वारासिवनी बालाघाट के संस्थापक उपाध्यक्ष है। प्रज्ञा दीप बुद्ध विहार कटंगी के संरक्षक है। अधिवक्ता संजय खोबरागड़े विद्यार्थी जीवन काल में अल्प आयु में विषम परिस्थितियों के चलते फुटकर सब्जी विक्रेता रहे है। फुले अंबेडकर थोक व फुटकर सब्जी विक्रेता संघ कटंगी बालाघाट के संरक्षक है। अधिवक्ता संजय खोबरागड़े के द्वारा बुद्ध अंबेडकर मिशन के प्रति उत्कृष्ट कार्यों के लिए परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी द्वारा 25 दिसम्बर 1954 को स्थापित प्रथम बुद्ध विहार देऊं रोड पूना में अधिवक्ता संजय खोबरागड़े को भीम रत्न से 25 दिसंबर 2015 को नवाजा गया। परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी के बैरिस्टर के शताब्दी वर्ष व मातोश्री रमाई अंबेडकर जी की 125वीं जयंती परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी के निवास स्थान तलेगांव दाभोड पूना में वर्ष 2024 को सविधान रत्न से नवाजा गया। परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी के जीवन के ऐतिहासिक स्थलों से 'भीम रत्न व संविधान रत्न' से नवाजे जाने वाले बालाघाट ही नहीं अपितु मप्र के प्रथम व्यक्ति है। भारतीय बौद्धों की राजधानी धम्म नगरी नागपुर महाराष्ट्र में बुद्धिष्ट रिचर्स एसोशिएशन नागपुर महाराष्ट्र द्वारा आयोजित 11वां अंतरास्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन बुद्ध भूमि खैरी नागपुर में जय भीम के जनक बाबू हरदास एन एल पुरस्कार से नवाजा गया। अधिवक्ता संजय खोबरागड़े द्वारा 6 दिसम्बर 1992 को डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. अंबेडकर स्टूडेंट्स फेडरेशन की स्थापना की आप अल्प आयु से ही बुद्ध अंबेडकर मिशन के प्रखर वक्ता के रूप अपनी पहचान बनाए हुए है। अधिवक्ता संजय खोबरागड़े को युवा अवस्था में विद्या अध्ययन के साथ-साथ युवाओं को बुद्ध अंबेडकर मिशन के प्रति सजग करने व प्रचार प्रसार करने हेतु वर्ष 1992 को परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जयंती समारोह वारासिवनी में डॉ. बाबा साहब अंबेडकर नव चेतना मंडल वारासिवनी के द्वारा समाज सेवा सम्मान से नवाजा गया। बुद्ध कबीर फुले अम्बेडकर मिशन की विचारधारा को जनमानस तक सतत निस्वार्थ भाव से उल्लेखनीय कार्य किए जाने पर इंदौर में डॉ. बाबा साहब अंबेडकर कार्य सेवा सम्मान 2005 व ज्योतिबा फुले शिक्षा विद पुरस्कार 2006 प्रदान किया गया। 26 जनवरी 2017 को नगर परिषद कटंगी द्वारा आयोजित 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह में स्वतंत्रता सेनानी राधाकिसन जी चौकसे की स्मृति में विधि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए तत्कालीन विधायक के हस्ते स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय त्रिरत्न बुद्ध विहार कोसमी बालाघाट में परम् पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की जयंती समारोह में 2023 को सम्मान पत्र व 2025 में पूज्य भदंत धम्म शिखर जी द्वारा तथागत सम्यक संबुद्ध की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। अधिवक्ता संजय खोबरागड़े के नेतृत्व में ही सबसे ज्यादा सामाजिक धार्मिक आंदोलन हुए आप भोमाटोला सामूहिक बलात्कार कांड के पीड़ितों के लिए समर्पित भाव से आंदोलन में शरीक हुए तथा खैरलांजी भंडारा महाराष्ट्र में सामूहिक बलात्कार व भोतमांगे परिवार की हत्या कांड पर आंदोलन में जिले से अग्रणी भूमिका का निर्वहन किया है। अधिवक्ता संजय खोबरागड़े बुद्ध अंबेडकर मिशन के प्रखर वक्ता है।

## जोन स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी जबलपुर में बालाघाट के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**वारासिवनी।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार दो दिवसीय जोन स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण और सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी डाइट जबलपुर में आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी में जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं ने अपने मार्गदर्शी शिक्षकों के साथ हिस्सा लिया। प्रदर्शनी में गणित, विज्ञान, पर्यावरण, इतिहास, राजनीति और भूगोल विषय के 2-2 मॉडल, पर्यावरण एकल गीत, लघु नाटिका, छात्र विचार संगोष्ठी सेमिनार, प्रश्न मंच और शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बालाघाट जिले से कुल 33 छात्र-छात्राओं क्रमशः उज्वल पटले, आरव सोनी, आर्यन वर्सेकर, अनु कालबेले, श्रुति बोरीकर, सिल्की मेश्राम, स्नेहा पंचतिलक, श्रद्धा नारबोदे और एकता झंझाडक़र शामिल हुए।

# लांजी साप्ताहिक बाजार बनता जा रहा बकरी चोरों का गढ़, बाहरी व्यापारी चला रहे चोरी का संगठित नेटवर्क

### महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश से जुड़े व्यापारियों पर मवेशी चोरी करवाने के आरोप, पुलिस तक शिकायत न पहुंचने से चोरों के हौसले बुलंद




**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी साप्ताहिक बाजार अब बकरी और मवेशी चोरों का सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश से आए व्यापारी स्थानीय गांवों में सक्रिय चोरों के जरिए मवेशियों की चोरी करवा रहे हैं और चोरी के बकरों को औने.पौने दामों में खरीदकर बाहर ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। रविवार को साप्ताहिक बाजार के दिन ग्राम कड़ता निवासी सरिता मात्रे अपनी चोरी हुई बकरी की तलाश में मवेशी बाजार पहुंचीं, जहां पता चला कि ग्राम के ही चंदू जामरे और महतलाल द्वारा चोरी की गई बकरी को कोसमारा निवासी व्यापारी रवि तुरकर खुलेआम को बेची गई है। महिला की सूचना पर मौके पर मौजूद होमगार्ड जवानों ने हस्तक्षेप कर बकरी वापस दिलाई। मामला उजागर होते ही बकरी चोरों के परिजन सक्रिय हो गए और एफआईआर दर्ज न कराने के लिए दबाव बनाते हुए गांव में चौपाल लगाकर मामले को दबाने की कोशिश की गई। इसी कारण अधिकांश मामलों में चोरी की सूचना थानों तक नहीं पहुंच पा रही है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं और मवेशी चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक कोसमारा निवासी व्यापारी रवि तुरकर गांव-गांव चोरों का गिरोह तैयार कर बकरी व मवेशी चोरी करवा रहा है और उन्हें बड़े व्यापारियों तक पहुंचा रहा है। पुलिस शिकायत के अभाव में यह संगठित चोरी का खेल धड़ल्ले से जारी है। अब बड़ा सवाल यह है कि लांजी साप्ताहिक बाजार में फल.फूल रहे इस अवैध कारोबार पर पुलिस प्रशासन कार्रवाई करेगा या फिर मवेशी चोरों को यूं ही खुली छूट मिलती रहेगी।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती पर लांजी में लगेगा निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप

### डॉ. खरोले पॉली क्लिनिक की पहल, ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मिलेगी विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के पावन अवसर पर 02 फ रवरी सोमवार को लांजी में निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर डॉ. खरोले पॉली क्लिनिक की ओर से सिद्धेश्वर मंगल भवन, भिलाई रोड, लांजी में आयोजित होगा। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में शिशु एवं बाल रोग, महिला रोग, जनरल सर्जरी एवं जनरल फिजिशियन सहित विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आमजन का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। शिविर में डॉ. अंकित आर. खरोले (बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. रजनी शेड़े (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. उत्कर्ष घोरमारे (जनरल सर्जन) सहित अन्य अनुभवी चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। उल्लेखनीय है की डॉ. खरोले पॉली क्लिनिक द्वारा लगातार ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन कर ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए यह शिविर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समय पर उपचार का अवसर भी प्रदान कर रहे हैं। आयोजक अखिल भारतीय रविदासिया समाज संगठन समिति तहसील लांजी ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## जन शिक्षा केंद्र बुदबुदा में शैक्षिक संवाद आयोजित

**वारासिवनी।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार जन शिक्षा केंद्र बुदबुदा में कक्षा 3 से 5 एवं 6 वीं से 8 वी में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों हेतु शैक्षिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कक्षा 3 री से 5 वी में जोड़ घटाव, शाब्दिक इबारती प्रश्नों का कार्य तथा 6 वीं से 8 वीं में प्रभावी पुनरावृत्ति विषय पर संवाद किया गया। संवाद में कुल 51 शिक्षक और 4 सहजकर्ता शामिल हुए। कक्षा 3 री से 5 वीं में सहजकर्ता के रूप में मनोहर अमूले, जितेंद्र गजभिये और 6 वीं से 8 वीं में रोशनलाल नगपुरे और धन्नालाल बिसेन उपस्थित रहे। सहजकर्ता धन्नालाल बिसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि हर माह में एक शनिवार को कक्षा 1 से 8 वी तक अध्यापन कराने वाले शिक्षकों हेतु शैक्षिक संवाद आयोजित किया जाता हैं तथा यह इस सत्र का 5 वॉ शैक्षिक संवाद था। शैक्षिक संवाद के बाद संवाद की सीख को पोस्ट वर्क के रूप में कक्षा में लागू किया जाता हैं, ताकि विद्यार्थियों को अवधारणा की समझ हो सके और प्रभावी रूप से सीख सके।

### कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया गया सम्मान

# पार्टी किसी एक व्यक्ति की नहीं, कार्यकर्ताओं की होती है-विवेक पटेल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद भाजपा ने पूर्ण बहुमत से सरकार बना ली है। मगर बालाघाट जिले की 6 सीटों में से 4 सीटों पर कांग्रेसियों का दबदबा बना हुआ है और इसी उत्साह के चलते अब कांग्रेसियों में जोश दिखाई दे रहा है। यही जोश कायम रखने के लिए वारासिवनी नगर के जनसंपर्क कार्यालय में जिला अध्यक्ष संजय उइके के हस्ते वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के तीन ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष, कांग्रेस विधानसभा मीडिया प्रभारी, कांग्रेस ब्लॉक मीडिया प्रभारी सहित विभिन्न इकाईयों के नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रणाम पत्र प्रदान कर गमछा पहना कर उनका सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जीताने वाले कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कार्यकर्ताओ से कहाँ कि आप पार्टी की रीढ़ की हड्डी हो, चुनाव जीताने का श्रेय जनता और आपको जाता है।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक विवेक पटेल ने कहा कि प्रदेश में 20 वर्षों से हमारी सरकार नहीं हैं, फिर भी हमारी पार्टी के हर कार्यकर्ता सक्रिय है। हमारी कांग्रेस पार्टी चुनाव के समय हर व्यक्तियों की मदद करती है। भाजपा सरकार एसआईआर के माध्यम से कांग्रेस पार्टी के वोट काटने का प्रयास कर रही है। प्रदीप जायसवाल कांग्रेस से भाजपा में चले गए, उन्होंने सोचा था कि वारासिवनी से कांग्रेस पार्टी अब खत्म हो गई। मगर कार्यकर्ताओं ने अपने जोश से बता दिया कि किसी के जाने से पार्टी खत्म नहीं होती है। कार्यकर्ताओं ने आपको मंत्री बनाया था। मगर आपने उन्हीं को धोखा दे दिया। आज नवनिर्मित सभी पदाधिकारियों का सम्मान किया गया है। अब वो अपनी टीम का गठन करे। जितने लोग जुड़ेंगे, उतनी ही हमारी पार्टी और मजबूत होगी। हमें हमारे क्षेत्र को मजबूत करना हैं, हर पंचायत में कमेटी बनायी जाएगी। जनता को धोखा देने वालों को जनता ने ही सबक सिखा दिया है। मेरे क्षेत्र की जनता मेरे लिए एक समान है और विकास की गाथा क्षेत्र में बिना भेदभाव के लिखी जायेगी।

जिला सिवनी के जिला पंचायत उपाध्यक्ष व वारासिवनी-खैरलॉजी क्षेत्र के विधानसभा प्रभारी राकेश सनोडिया ने कहा कि जब भी ग्राम में संगठन के पदाधिकारियों का चयन होगा। विधायक जी खुद साथ में रहकर उनका चयन करेंगे और वहीं ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे। इससे गांव के लोग जुड़ेंगे और कांग्रेस पार्टी और मजबूत होगी। हमारे पार्टी में सभी जाति, धर्म के लोग है। सभी को सम्मान मिलता है। किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जाता है। आने वाले समय में जरूर प्रदेश और देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है। वो जैसा चाहते हैं, वहीं हम करते है।

## खबर संक्षेप

### प्रेक्षक श्री सिंह का आगमन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री मनीष सिंह को सिवनी जिले के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।
प्रेक्षक श्री मनीष सिंह का सोमवार को सिवनी जिले में आगमन प्रस्तावित है। इस दौरान वे फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित कार्यों की समीक्षा करेंगे तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करेंगे।

### 3 फरवरी मंगलवार को भोमा में होगा हिंदू सम्मेलन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** हिंदवा सोदराःसर्वे,ना हिंदू पतितो भावेत,की भावना को लेकर सनातन हिंदू धर्म की गरिमा और सांस्कृतिक विरासत का गौरव तथा हिंदू समाज के समक्ष उपस्थित चुनौतियों से समाज को जागरण कराने के उद्देश्य से ग्राम भोमा में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन राधा कृष्ण मंदिर, इंदिरा चौक सभा मंच में दोपहर 1:00 बजे से किया जा रहा है। इस हिंदू सम्मेलन में अनंत श्री विभूषित पूज्यपाद जगत गुरु संत प्रज्ञानंद जी महाराज का आशीर्वचन एवं सानिध्य प्राप्त होगा साथ ही ब्रह्म कुमारी राज योगिनी गीता दीदी का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा । विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति भोमा द्वारा इस कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। घर-घर जाकर आमंत्रण दिया जा रहा है।
हिंदू सनातन एकता को मजबूत करने हेतु अधिक से अधिक संख्या में सनातनी बंधु भगिनियों से उपस्थिति की अपील आयोजन समिति द्वाराकी गई है।

# लगभग 15 दिन में दूसरी बार मोटर बोर से बिजली केबल के तार चोरों ने किया साफ, पुलिस नाकाम

**सोनखार (प्रदीप तिवारी)।** गत दिवस शनिवार की रात में पुलिस थाना उगली के अंतर्गत निकट ग्राम गोरखपुर और उगली के लगभग दर्जनों किसानों की खेत की केबल बिजली के तार अज्ञात चोरों के द्वारा ले जाने की घटना पुनः सामने आई है, इसके पूर्व उगली क्षेत्र से महज 5 से 10 किलोमीटर दूर नेवर गांव सेंद्रादेही ग्राम की 15- 20 किसानों के खेत से भी बोर की केबल तार चोरी की घटना के आधार पर पुलिस थाना उगली में लिखित आवेदन दिया गया था,यह कोई मामला नया नहीं है, आज दिन रविवार को भी पीड़ित दर्जनों किसान जिसमें गोरखपुर,उगली के किसान क्रमशः विष्णु पिता महासिंग उइके उम्र 34,रतनसिंह/बलवंत सिंह, देवीप्रसाद पिता माखन लाल धुर्वे, राजेंद्र प्रसाद /लखाराम बिसेन, महेश /बारिकिया वाषनिक, तुषार पिता श्रसि पाल बिसेन, भूपेश्वर पिता रमेश कुमार चौरे, प्रवीण पिता रामलाल बिसेन, महतलाल पिता स्व.होलूलाल पटले छम्मनलाल पिता मंगल सिंह कुमरे, नीरज पिता विजयपाल सिंह ठाकुर, योगेंद्र पिता रेवाराम बिसेन, रामेश्वर पिता झाड़ू लाल कटरे उम्र 35 गोरखपुर (अधियार )केशव पिता यशवंत सोनी




उगली गोरखपुर 150 फिट, विक्रम सिंह पिता स्व.अमृतलाल बिसेन उम्र 28 केबल130 फिट ऐसे सभी किसानों के खेतों से किसी खेत से 50, 100, 200,250 फीट केबल के तार चोरी होने की लिखित शिकायत दी गई, जिसके आधार पर थाना प्रभारी उगली ने एफआईआर दर्ज करते हुए, अज्ञात व्यक्तियों की तलाश जारी के लिए एक टीम का गठन किया है,पीड़ित किसानों ने बताया कि हमारे खेत में केवल जो प्लास्टिक काटकर अंदर से कॉपर तांबा का तार ले जाकर बेकार प्लास्टिक वहीं फेंक दी गई है, वर्तमान में वैसे ही किसान पीड़ित है जिसको लेकर आर्थिक संकट किसानों के ऊपर मंडरा रहा है।
इसी बीच अभी रवि की फसल की बुवाई और उनहारी की फसल खेतों में मौजूद है,केबल चोरी होने से इन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है, और सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस थाना से आस लगाकर बैठे हैं की सीघ्र अतीशीघ्र शीघ्र चोरों को पडक़र उचित कार्रवाई करें जिससे ऐसी घटना की पुनरावृत्ती भविष्य में ना हो.

### इनका कहना है

किसानों के खेत से केबल तार चोरी हुऐ है जिसको लेकर हम एक टीम का गठन करेंगे और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे से या अन्य सूचना तंत्र के माध्यम से चोरों का पता लगाएंगे जिसके आधार पर किसानों ने लिखित एफ आई आर कर दिए हैं, जिसके ऊपर शीघ्र कार्रवाई करेंगे।
पीड़ित किसानों का बारी-बारी से लिखित बयान लिया गया है, और चोरों को पकडऩे के लिए शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।
**थाना प्रभारी सदानंद गोदेवार, और ऐ. एस.आई सुमेरचंद ऊइके.**

# घर में घुसा भालू, दहशत

**गत दिवस शनिवार की सुबह सिवनी जिला अंतर्गत पुलिस थाना क्षेत्र उगली के वाकल ग्राम जो पां. छपारा के नजदीक है, में एक वयस्क भालू मुन्नेलाल सैयाम के घर पर घुसने से दहशत का माहौल देखकर प्रत्यक्ष दर्शियों द्वारा वन विभाग को सीध सूचना दी गई,**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

वन विभाग की टीम के अधिकारी अभिसेख मिश्रा व इनके प्रशिक्षित कुशल प्रबंधन द्वारा पेंच टाइगर रिजर्व की टीम और अधिकारियों और पां. छपारा के वन रक्षक एच. एल. दाहिया की उपस्थिति में इस आदमखोर वन्य जीव का सफल रेस्क्यू करने के बाद निकट वाइल्डलाइफ टाइगर सफारी बालाघाट जिले के लालबर्रा निकट सोने वानी जंगल के समीप छोड़ दिया गया, उक्त आदमखोर वन्य प्राणी को ट्रेंकुलाइज करके सुरक्षित पिंजरे में डाल दिया गया जिससे किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई,सिवनी जिले के अंतर्गत पां. छपारा जो निकट बालाघाट जिले की सरहद से लगा हुआ है,यह सघन वन क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण अंचल आता है, जहां पर कान्हा राष्ट्रीय उद्यान और पेंच टाइगर रिजर्व के मध्य वन्य प्राणी कारीडोर के अंतर्गत यह क्षेत्र आता है,यहां पर जंगली जानवरों की आवाजाही और मूवमेंट आम बात है, वन अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार भालू रेयर एनिमल्स कीश्रेणी में आता हैं जिसको सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया.

# टू व्हीलर वाहन से सडक़ किनारे पड़े दो लोगों को संवाददाता ने 112 में फोन लगाकर बचाई जान

**हरिभूमि न्यूज़/ विमल कुमार चौबे** धूमा से गोटेगांव की तरफ जा रहे दो बाइक सवार फीसल कर गिरे एक कोई गंभीर चोट तो दूसरे को भी आई मामूली चोट पत्रकार उत्तम सेन के द्वारा डायल 112 में कॉल करके दोनों घायलों को धूमा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर 112 में कॉल करने पर पुलिस ने भी अपनी तत्परता दिखाते हुए 5 मिनट के अंदर दोनों घायलों को 112 पर बिठाकर उप स्वास्थ्य केंद्र धूमा में उपचार हेतु के लिए ले जाया गया। सडक़ घटना दुर्घटना में यदि कोई भी व्यक्ति रोड के किनारे मिलता है तो उसे अपनी मानवता को दिखाते हुए उनका सहयोग करते हुए 108 एव 112 का उपयोग करके किसी की भी जिंदगी को बचाया जा सकता है देश की सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को सुचारू रखने के लिए अनेक सुविधाएं चला रही है ऐसे लोग यदि आपको कहीं मिलते हैं तो उनकी मदद जरूर करें डरें ना दूसरों की रक्षा ही अपनी आत्मरक्षा है इसलिए यदि कोई भी इंसान आपको एक्सीडेंट में पाया जाता है तो डरें ना उन्हें अस्पताल लेकर जाएं और पुलिस को सूचित करें आपके ऊपर ऐसी कोई भी कार्यवाही नहीं की जाएगी और आपको सरकार के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा किसी की भी जान बचाने से ही उसकी जान का उच्च स्तर से उसका इलाज हो सकता है ऐसे ही घटना आज धूमा थाना अंतर्गत दो लोग आज सडक़ किनारे पड़े हुए थे मेरे द्वारा तत्परता दिखाते हुए मैंने स्वयं अपने मोबाइल से 112 का उपयोग किया और उन्हें इलाज के लिए रवाना किया हालांकि दोनों को गंभीर चोटें आई हैं क्योंकि चोट का कारण एक और बताया जाता है सरकार हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट भी कहती है कि बाइक चलाते समय हेलमेट का उपयोग जरूर करें लेकिन लोगों को जागरूकता करने के लिए बहुत प्रयास किए जाते हैं लेकिन लोग हेलमेट नहीं लगाते उस छोटी सी घटना को बड़ी घटना में तब्दील होना पड़ता है।

# गाँव के लोगों का प्यार, जब विधायक-रजनीश हरवंश सिंह को रथ बिठाकर ले गये

हरिभूमि न्यूज केवलारी।

इन दिनों केवलारी विधानसभा क्षेत्र के चौथे दिन में विभिन्न क्षेत्र में विधायक रजनीश हरवंश सिंह ठाकुर पहुँच रहे हैं। गाँव-गाँव में लोग भव्य स्वागत कर रहे हैं। लोगों का अंदाज अलग-अलग तरीके से स्वागत करने का है। सुनेहरा में जब ठा.रजनीश/ हरवंश सिंह पहुँचे तो लोगों ने रथ में बिठाकर बाजे-गाजे के साथ फटाके फोड़कर कलष रखकर भव्य स्वागत किया। विभिन्न ग्रामों में ठा. रजनीश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आपका प्यार और स्नेह मेरे लिए अस्मरणीय है, जितना हो सकता है विधायक के



नाते मैं करता हूँ। बड़ी-बड़ी समस्याओं को लेकर मैं विधानसभा के पटल पर रखता हूँ, मेरी कोषिष रहती कि विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण पर तत्परता से कार्य करूँ, चाहे नहर/किसानों का मामला हो, किसानों की खरीदी केन्द्र का मामला हो, बिजली का मामला हो या सेवा सहकारी समिति में खरीदी का मामला हो, मैं हमेषा गाँव में पहुँचने के बाद लोगों से संवाद करता हूँ। मेरी कोषिष होती है कि जितना ज्यादा हो सके मैं लोगों की समस्याओं का निराकरण कर सकूँ। इस कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष-सुभाश बघेल, गुलजार सिंह ठाकुर, रमाषंकर महोबिया, रवि बघेल, मोहन दुबे, मूरत सिंह राजपूत, ब्रजेष सिंह राजपूत, रामेष्वर ठाकुर, बोस कुमार राजपूत, ब्रम्हानसिंह बघेल, प्रमोद मोदी, प्यासी महाराज, मनीश जैन, रफीक खान, संस्कार तिवारी, दारासिंह के अलावा भारी संख्या में क्षेत्र के कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# धनौरा में श्री संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की जयंती बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज धनौरा।

1 फरवरी 2026 को धर्म नगरी धनोरा में श्री संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की जयंती बड़े ही धूम धाम से मनाई गई जिसमें सर्व प्रथम श्री संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की प्रतिमा की पूजन अर्चन कर इस आयोजन की शुरूआत की गई एवं शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा धनोरा बस स्टैंड से होते हुए कहानी चौराहा से रेस्ट हाउस चौराहा से निकल कर वापिस बस स्टैंड धनोरा पहुंची एवं बाहर से आए जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक बंधुओं का स्वागत किया गया इसके बाद संत शिरोमणि रविदास महाराज भवन में केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह ठाकुर



के द्वारा 2 लाख 50 हजार की राशि सौंदर्यकरण कार्य के लिए दिया गया था जिसकी भूमि पूजन धनोरा के कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष विकास बघेल के द्वारा किया गया गया इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं इस कार्यक्रम में आए अतिथियों के द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी महाराज के बारे में बताया गया के बाद प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।
इस कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर श्रीवास्तव, धनोरा जनपद सदस्य ममलेश पटेल, सुजीत मिश्रा, रवींद्र तिवारी, के के अग्रवाल, सज्जन सिंह बघेल, लकी श्रीवास्तव, संत कुमार, धनोरा उप सरपंच अतुल जैन, राय, गोलू राय, याकूब खान कांग्रेस से मुकेश जैन, किरण कोरेती, विकास बघेल, सुमत झारिया, जनपद उपाध्यक्ष, अर्जुन सिंह उईके, जुगल किशोर नादौरे एडवोकेट लखनादौन, मदन अहिरवार एडवोकेट धनोरा, रामसिंह निवारे एडवोकेट धनोरा, चेतराम बकौड़े लखनादौन, प्रहलाद यादव पत्रकार, अमरूलाल साहू, प्रेमसिंह सलाम, खेरसिंह कुमरे पी.सी.ओ. आनंद ऊईके, अमित सोनी पत्रकार, अशोक साहू, सहायक सचिव प्रेमसिंह नायक , शिवप्रसाद राय, वरिष्ठ नागरिक धनौरा के साथ साथ धनौरा के समस्त सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### संत रविदास जी की जयंती मनाईं गई

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की कक्षा प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस महाविद्यालय सिवनी मे संत रविदास जी की जयंती मनाई गई जिसमे जिला समन्वयक श्री सौरव शुक्ला जी द्वारा रविद्रास जी के जीवन चरित्र के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई,छात्रो ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए, कार्यक्रम मे मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्श दाता कविता बेले,शोभा बघेल,सुधीर सिंह ठाकुर छात्र/छात्राओ ने सहभागिता की,आभार प्रदर्शन विकासखंड समन्वयक मोनिका चौरसिया द्वारा किया गया, मंच संचालन परामर्शदाता पीयूष दुबे द्वारा किया गया।

# बंडोल पुलिस का गौ तस्करो पर बड़ा प्रहार

## गौवंश सहित एक पिकअप वाहन जप्त, 02 नग नाटा मुक्त कराये

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के द्वारा गौवंश वध, अवैध परिवहन करने वालो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है व अवैध गौवंश हत्या, परिवहन करने वालो की सूचना देने वाले मुखबिरो को नगद ईनाम से पुरूष्कृत करने हेतु घोषणा की गई है। पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एसडीओपी सचिन परते के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. मनोज जंघेला एवं उनकी टीम व्दारा थाना क्षेत्र मे लगातार गौवंश पर कार्यवाही की जा रही है। थाना प्रभारी बंडोल को अवैध मवेशी परिवहन की मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि छोटा हाथी पिकअप वाहन क्रं एमपी-15-जेटके-5319 में अवैध रूप से परिवहन कर जबलपुर तरफ से नागपुर कत्लखाना ले जा रहे है, जो थाना स्तर पर टीम गठित कर एन. एच.44 फिल्टर प्लांट बंडोल पर नाकाबंदी की गई उक्त छोटा हाथी पिकअप वाहन की सूचना मिलने पर वाहन रोका गया। जो उक्त पिकअप वाहन क्रं. एमपी-15-जेटके-5319 में दो गौ तस्करो को पकडकर अभिरक्षा मे लिया गया। जिनका नाम पता पूछने पर अपना नाम राकेश पिता बालकिशन पटेल (कुशवाहा) जाति काछी उम्र 28 साल निवासी उमरारी थाना सुलतानगंज जिला रायसेन, प्रिंस पिता संतोष साहू उम्र 19 साल निवासी निवासी केसली थाना केसली जिला सागर का होना बताये। पिकअप वाहन क्रं. एमपी-15-जेटके-5319 को चैक करने पर 02 नग नाटा को क्रूरतापूर्वक भरा गया था, जो सही ढंग से सांस भी नहीं ले पा रहे थे, जिनके पैर, मुंह, सींग एक दूसरे से रस्सियो से बंधे हुये थे, जिन्हें मुक्त कराकर नवीन परासिया गौशाला में सुरक्षित रखवाया गया।
उक्त दोनो आरोपीगणो के विरूध्द अपराध क्रमांक 36/26 धारा 4, 6, 9 म. प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, 11(1) (घ) पशुओं के प्रति क्ररता का निवारण अधिनियम, 130(3)/177 मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

# गुंजन तिवारी को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि मिली

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले की सांस्कृतिक धरोहर को विश्व पटल पर रेखांकित करने वाली ,जिन्होंने अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी कला के माध्यम से शहर का नाम रोशन किया। संजय वार्ड निवासी अरविंद कुमार तिवारी एवं शशि कला तिवारी की सुपुत्री गुंजन तिवारी को कथक नृत्य के क्षेत्र में ,17वें दीक्षांत समारोह में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ (छत्तीसगढ़) राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका ,उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा , कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर लवली शर्मा द्वारा कथक नृत्य में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई है। शोध निर्देशिका डॉक्टर शिवाली सिंह बैस (असिस्टेंट प्रोफेसर कत्थक),के मार्गदर्शन में आपने शोध कार्य संपन्न किया। कथक की कला साधना के क्षेत्र में यह उनके 18 वर्षों की साधना का परिणाम है। जिसका श्रेय वे अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को देती है। बहन अनुश्री तिवारी और अनुज श्रीनयन तिवारी के सहयोग के बिना अपनी कला यात्रा को अपूर्ण मानतीं हैं। डॉ गुंजन तिवारी ने अपनी प्रारंभिक स्कूली शिक्षा सरस्वती शिशु



मंदिर भैरोगंज तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी से प्राप्त की तथा नृत्य की प्रारंभिक शिक्षा श्री नाट्यम कला अकादमी गुरु रविंद्र ममता मंद्रेला जी के सानिध्य में प्रारंभ की।
विद्यालय से लेकर संस्था तक बचपन से ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मंच प्राप्त हुए जिसके लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया है। उच्च शिक्षा स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी उपाधि हेतु निरंतर 14 वर्षों से खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में कथक नृत्य की साधना में लगी रहीं। गौरव की बात यह है कि, आप वर्तमान में अपने ही विश्वविद्यालय में तीन वर्षों से व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं। इससे पूर्व विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक लाकर स्वर्ण पदक व छात्रवृत्ति भी अपने प्राप्त की। डॉ गुंजन कि विशेष उपलब्धि से उनका परिवार ही नहीं अपितु सिवनी शहर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। वे अपनी सारी सफलताओं का श्रेय अपने पिता के संगीतप्रेम,सांगीतिक वातावरण और निःस्वार्थ सहयोग को देती है। उनका कहना है कि वे निरंतर कला संवाहीका के रूप में अपने क्षेत्र का नाम रोशन करती रहेगी।

# दिशा समिति की बैठक में जल जीवन मिशन, सिंचाई व कृषि व्यवस्थाओं की हुई विस्तृत समीक्षा

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

लोकसभा एससी-एसटी कल्याण समिति सभापति एवं सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक शनिवार, 31 जनवरी को जिला पंचायत सिवनी के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक दिनेश राय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, विभिन्न जनपद एवं नगरीय निकायों के अध्यक्षों के साथ कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार मेहता, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक के कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। इसके पश्चात पीएचई एवं जल निगम विभाग द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल एवं समूह नल जल योजनाओं की स्वीकृति, पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई। सांसद श्री कुलस्ते ने स्रोत अथवा अन्य कारणों से बंद नल जल योजनाओं को पुनः



क्रियान्वित करने तथा ग्रीष्मकाल में शत-प्रतिशत ग्रामों में सतत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु ठोस कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही जल निगम अंतर्गत संचालित समूह नल जल योजनाओं की योजनावार प्रगति, शामिल ग्रामों एवं जलापूर्ति की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जल संसाधन विभाग एवं पेंच परियोजना की समीक्षा के दौरान रबी सिंचाई की योजनावार प्रगति पर चर्चा हुई। पेंच नहर से हो रही सिंचाई व्यवस्था में सुधार कर जल अपव्यय रोकने तथा सतत मॉनिटरिंग रखते हुए ग्रीष्मकाल में सभी छोटे-बड़े बांधों में पेयजल एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए पर्याप्त जल भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
बैठक में कृषि विभाग द्वारा फसल बोनी एवं खाद-बीज उपलब्धता की समीक्षा की गई। डीडीए द्वारा रबी सीजन में बोई गई फसलों एवं रकबे की जानकारी दी गई। ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से खाद वितरण की प्रक्रिया की जानकारी प्रस्तुत की गई। सांसद श्री कुलस्ते ने ई-टोकन प्रणाली को छोटे किसानों के लिए अधिक सरल और सुविधाजनक बनाने पर जोर देते हुए किसानों को इसकी संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी देने एवं प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही संतुलित उर्वरक उपयोग और नरवाई प्रबंधन को लेकर भी विशेष प्रयास करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। वन विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं वनाधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक पट्टों की समीक्षा की गई। इसके अलावा जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की समीक्षा के दौरान ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये।

## अंधेरे में डामरीकरण, मानकों की अनदेखी, आमजन की जान जोखिम में

# रायसिंह एंड कंपनी के घटिया निर्माण कार्य पर भड़के सुजीत जैन व पार्षद, कलेक्टर से की औपचारिक शिकायत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी** सिवनी जिले में भ्रष्टाचार अब इस हद तक बढ़ चुका है कि न तो जिम्मेदार प्रशासनिक अमला सजग नजर आ रहा है और न ही जनप्रतिनिधि गंभीरता दिखा रहे हैं। स्थिति यह है कि कुछ अधिकारी और उनके संरक्षण में काम कर रहे ठेकेदार करोड़ों रुपये की शासकीय योजनाओं में खुलेआम मनमानी कर रहे हैं, जिसका सीधा खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।
ऐसे ही मामलों में रायसिंह एंड कंपनी का नाम सामने आया है, जिसे सिवनी नगर क्षेत्र में पुराना एनएच-7 मार्ग के चौड़ीकरण, नवीनीकरण तथा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण का कार्य सौंपा गया है। आरोप है कि संबंधित ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में गंभीर तकनीकी खामियां रखते हुए निम्नस्तरीय और मानकविहीन कार्य किया जा रहा है।
कलेक्टर को सौंपी गई लिखित शिकायत
गत दिवस अशोक वार्ड के पार्षद गोलू मिश्रा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुजीत जैन, एवं पार्षद राजेश यादव ने संयुक्त रूप से कलेक्टर सिवनी से भेंट कर पूरे मामले की लिखित शिकायत प्रस्तुत की।
शिकायत में बताया गया कि एमपीआरडीसी द्वारा निर्माणाधीन लगभग 4 किलोमीटर लंबे पुराना एनएच-7 मार्ग की हालत नवीनीकरण से पहले कहीं अधिक बेहतर और सुरक्षित थी, लेकिन वर्तमान निर्माण कार्य ने सडक को दुर्घटनाओं का कारण बना दिया है।
रात के समय हुआ डामरीकरण
शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सडक पर रात के समय डामरीकरण (डीबीएम व डीसी) कराया गया। यह कार्य न तो सेंसर पेवर मशीन से किया गया और न ही किसी योग्य तकनीकी विशेषज्ञ की देखरेख में। साधारण उपकरणों से, बिना मानक प्रक्रिया अपनाए डामरीकरण कर दिया गया। इसके चलते सडक का ऊपरी हिस्सा



असमान, कैम्बर रहित, अंडुलेशन युक्त और नालीनुमा बन गया है, जिससे खासतौर पर दोपहिया वाहन चालकों को गंभीर दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। शिकायत में यह भी बताया गया कि सडक के दोनों ओर सोल्डर और मुख्य मार्ग के बीच अत्यधिक गहराई छोड़ी गई है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।
मार्ग किनारे लगाए जा रहे पेवर ब्लॉक की लॉकिंग सीमेंट कंक्रीट के बजाय स्टोन डस्ट में अल्प मात्रा में सीमेंट मिलाकर की जा रही है। परिणामस्वरूप, पेवर ब्लॉक लगते ही टूटने-बिखरने लगे हैं। साथ ही, उपयोग किए जा रहे कई पेवर ब्लॉक निर्धारित तकनीकी मापदंडों के अनुरूप मजबूत व मोटे नहीं हैं। जबलपुर रोड स्थित उत्तर वनमंडल कार्यालय के सामने पहले से बनी टेढ़ी-मेढ़ी नाली को सुधारने के बजाय उसी पर सीधे स्लैब डाल दिया गया है। वहीं, शहर के अन्य हिस्सों में नगर पालिका द्वारा निर्मित पुरानी नालियों पर बिना तकनीकी डिजाइन के नई दीवारें खड़ी की जा रही हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि निर्माण एजेंसी द्वारा समुचित ड्रेनेज सिस्टम विकसित किए बिना ही नालियों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे भविष्य में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न होना तय है। पर्यावरण नियमों के उल्लंघन का मामला भी सामने आया है। शिकायत के अनुसार सडक़ चौड़ीकरण के दौरान 308 पेड़ों की कटाई की गई थी। इसके बदले कलेक्टर सिवनी द्वारा चार गुना यानी 1232 पौधे प्लॉट क्रमांक 77, 78 एवं 79 में रोपित कर पांच वर्षों तक देखरेख करने के आदेश दिए गए थे। लेकिन आज तक एक भी पौधा नहीं लगाया गया, जो आदेश की खुली अवहेलना को दर्शाता है।

### राज्य स्तरीय जांच की मांग

शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि राज्य स्तर के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं तकनीकी अधिकारियों से सडक़, नालियों, सोल्डर, डामरीकरण, पेवर ब्लॉक एवं ड्रेनेज सिस्टम की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराई जाए तथा दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो।

### ताखला कला हायर सेकेंडरी स्कूल 12वीं की छात्र-छात्राओं को दी गई भावभीनी विदाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी** विदाई की भावुक घड़ी में यादें ही सहारा बनती है इस पंक्ति को चरितार्थ कर बरघाट क्षेत्र के ताखला कला हायर सेकेंडरी स्कूल जहां पर हर साल 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की विदाई का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जाता है 11वीं कक्षाओं के छात्र छात्रों द्वारा नोकझोंक हंसी मजाक, डांस आदि का मंचन कर ,इस कार्यक्रम को और भी रोचक बनाया जाता है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 31 जनवरी के दिन ग्रामवासी , सामाजिक कार्यकर्ताओं पलकों, को आमंत्रित कर शिक्षक परिवार ने भरपूर इस कार्यक्रम को सुंदर एवं ज्ञानवर्धक बनाया शाला की शिक्षिका



श्रीमती ललिता रंहागडाले ने गुरु द्रोणाचार्य के द्वारा कौरव पांडवों को दी गई शिक्षा मन एकाग्रता एवं पूर्ण लक्ष्य पर अर्जुन को सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर बनाने की प्रेरणादायक कहानी सुना कर बच्चों में उत्साह एवं आत्मविश्वास की शक्ति जागृत किया। 11वीं के छात्र-छात्राओं ने अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय देकर मंच का संचालन किया, इसके पश्चात छात्र-छात्राओं एवं अतिथियों के लिये स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था भी की गई थी! अंत में प्राचार्य संजय कुमार पंद्रे ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए, समस्त शिक्षक परिवार एवं ग्रामवासियों का आभार प्रकट किया।

उच्च न्यायालय का आदेश

## नपा अध्यक्ष पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच 90 दिन में तय हो

### पार्षदों ने हाई कोर्ट पर लगाई थी भ्रष्टाचार को लेकर याचिका





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में नगरपालिका से जुड़े एक भ्रष्टाचार मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को बड़ा निर्देश दिया है। कोर्ट ने नपाध्यक्ष पर लगे आरोपों की 90 दिन के भीतर जांच कराने को कहा है। यह आदेश सत्ताधारी दल के पार्षदों द्वारा दायर याचिका पर दिया गया है। इस पूरे घटनाक्रम ने बालाघाट भाजपा में चल रही गुटबाजी को भी उजागर कर दिया है।

हाईकोर्ट के जांच निर्देशों की खबर सामने आने के बाद नपाध्यक्ष भारती ठाकुर ने एक पूर्व मंत्री से मुलाकात की और अपनी स्थिति स्पष्ट की। राजनीतिक हलकों में इस मुलाकात को मौजूदा विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है।

वर्तमान नगरपालिका कार्यकाल के दौरान नपाध्यक्ष पर पहले भी कई आरोप लग चुके हैं। इनमें डीजल घोटाला और वाहनों की खरीद में अनियमितताओं के मामले शामिल रहे हैं। हाल ही में रैनबसेरा में रखे फर्नीचर के निजी उपयोग और नपाध्यक्ष के वाहन में डीजल घोटाले के आरोपों ने विवाद को और गहरा कर दिया है।

याचिका दायर करने वाले सत्ताधारी पार्षदों का कहना है कि उन्होंने नपाध्यक्ष की कार्यप्रणाली को लेकर संगठन और वरिष्ठ नेताओं को कई बार अवगत कराया था। लेकिन शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद मजबूर होकर उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी।

हाईकोर्ट के निर्देशों पर नपाध्यक्ष भारती ठाकुर ने मीडिया को बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि उन्हें न तो कोर्ट से कोई नोटिस मिला है और न ही उन्हें इस मामले में पक्षकार के रूप में सुना गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यायालय ने उनके खिलाफ किसी भी तरह का दोष या अनियमितता साबित नहीं की है।

भारती ठाकुर ने कहा कि चार पार्षदों की शिकायत के आधार पर कोर्ट ने केवल यह निर्देश दिया है कि सक्षम अधिकारी सभी पक्षों को सुनते हुए नियमानुसार तय समय में निर्णय लें। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह आदेश उनके खिलाफ कोई अंतिम फैसला नहीं है।

नपाध्यक्ष ने वाहन उपयोग से जुड़े आरोपों पर भी सफाई दी। उन्होंने बताया कि जबलपुर और भोपाल आने-जाने में उपयोग किया जाने वाला इनोवा वाहन उनके परिवार की निजी संपत्ति है। इसका उपयोग वे केवल जनहित, नगर निकाय और प्रशासनिक कार्यों के लिए स्वयं करती हैं। ईंधन की व्यवस्था निकाय के कर्मचारियों द्वारा नियमों के तहत की जाती है, जिसे उन्होंने सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया बताया।

लामता तहसीलदार पर जेल भेजने की धमकी देने के गंभीर आरोप

## न्यायालय में विकलांग महिला से बदसलूकी का आरोप





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लामता तहसील कार्यालय से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक विकलांग महिला ने तहसीलदार पर न्यायालय में बदसलुकी करने और जेल में डालने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।पीड़ित महिला का कहना है कि शासकीय भूमि से जुड़े एक प्रकरण की सुनवाई के दौरान तहसीलदार ने एकपक्षीय रवैया अपनाते हुए न सिर्फ उसकी बात अनसुनी की, बल्कि उसे डराने-धमकाने का भी प्रयास किया।

**पूर्वजों की कब्जे वाली भूमि पर दूसरे को दिया गया पट्टा:**पीड़ित महिला के अनुसार जिस भूमि पर उसके पूर्वज वर्षों से कब्जा कर खेती-बाड़ी करते आ रहे हैं, उसी भूमि पर चांगोटोला की पूर्व सरपंच द्वारा दूसरी महिला को पट्टा दे दिया गया।महिला ने जब इस पूरे मामले को लेकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, तो उसे न्याय मिलने के बजाय कथित रूप से अपमान और धमकी का सामना करना पड़ा।एकपक्षीय सुनवाई, न्याय की जगह धमकी!

महिला का आरोप है कि शासकीय भूमि के इस विवाद की सुनवाई के दौरान तहसीलदार ने केवल एक पक्ष को सुनते हुए फैसला सुना दिया और जब महिला ने आपत्ति दर्ज कराई तो उसे जेल भेजने की धमकी दी गई।पीड़ित का कहना है कि वह विकलांग होने के बावजूद न्याय की उम्मीद लेकर न्यायालय पहुंची थी, लेकिन वहां उसे डर और अपमान झेलना पड़ा।

**मानवता और कानून दोनों पर सवाल:**इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासनिक संवेदनशीलता और न्यायिक प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।सवाल यह उठता है कि—क्या एक विकलांग महिला के साथ इस तरह का व्यवहार उचित है?क्या तहसीलदार को न्याय देने के बजाय धमकी देने का अधिकार है?क्या शासकीय भूमि के मामलों में रसूखदारों को फायदा पहुंचाया जा रहा है?

**उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार:**पीड़ित महिला ने जिला प्रशासन और शासन के उच्च अधिकारियों से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। महिला का कहना है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो वह उच्च स्तर पर शिकायत करने को मजबूर होगी।

**प्रशासन बना मूक दर्शक:**यह मामला केवल एक महिला का नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम पर सवाल है कि क्या कमजोर, विकलांग और गरीब व्यक्ति को न्याय मिलेगा या सत्ता और पद का दुरुपयोग होता रहेगा?न्यायालय में विकलांग महिला से बदसलुकी, तहसीलदार पर जेल भेजने की धमकी का आरोप"पट्टा घोटाले की आड़ में विकलांग महिला को डराने का आरोप""न्याय की जगह धमकी? तहसीलदार की भूमिका सवालों के घेरे में।

फरियादि महिला ने बताई हैं कि चांगोटोला में मेरे शादी से पहले मेरे ससुर का पुराना मकान था, जो लगभग 10वर्ष पहले टुट चूका हैं जहाँ पुरखो का देव दिवाला हैं मै गरीब होने के कारण मकान नही बना सकी हुँ, मेरा पति पागल हो चूका हैं ओर मै भी पैर से विकलांग हुँ इसलिए देव दिवाला के जगह में झोपडी बना दी हुँ, जिसे ग्राम पंचायत चांगोटोला के पूर्व सरपंच द्वारा गांव कि बेटी जिसका विवाह बैहर हुआ था उसके नाम का पट्टा जारी किया गया, जबकि पट्टा कब्जा अनुसार दिया जाता हैं उसके बावजूद लामता तहसीलदार द्वारा पेशी दिनांक में भरे न्यायालय में जातिगत भेदभाव करते हुए जलील करते हुए जेल भेजनें कि धमकी दिया गया ओर 1लाख रूपये का जुर्माना कर घर से सामान फेकने कि धमकी दी हैं, जो मै तहसीलदार के इस कृत्य से मानसिक रूप से परेशान हुँ।

### इनका कहना हैं

वर्तमान सरपंच चांगोटोला ने बताया कि यह शासकीय भूमि का मामला हैं जो पूर्व सरपंच द्वारा सुनीता झारिया के पूर्वजो का मकान था जो वर्तमान समय में टूट गया हैं सुनीता बाई के कब्जे में हैं ओर सुनीता बाई कि झोपडी भी हैं पूर्व सरपंच द्वारा किस नियम अंतर्गत पट्टा जारी किया गया हैं मुझे जानकारी नही हैं, कल ही सुनीता झारिया का आवेदन मिला है।

**प्रमोद ठाकरे, सरपंच, चांगोटोला**

## कृषि अधिकारी के घर से सोने-चांदी के जेवर चोरी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट के श्रवण नगर में चोरी की दो वारदात सामने आईं हैं वार्ड नंबर 5 में चोरों ने एक कृषि अधिकारी के सूने घर को निशाना बनाया और सोने-चांदी के जेवर ले उड़े।

वहीं, पास ही रहने वाले एक शिक्षक के घर भी चोरी की कोशिश हुई, लेकिन चोर वहां नाकाम रहे। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कृषि अधिकारी जगदीश श्रीनाग बालाघाट में तैनात हैं। उनकी पत्नी कटनी में शिक्षक हैं और बच्चे भोपाल में पढ़ते हैं। जगदीश काम के सिलसिले में दो दिनों के लिए नागपुर गए थे, जिससे घर खाली था। जब वे वापस आए, तो दरवाजे का ताला टूटा मिला।

घर के अंदर अलमारी और पेटियों का सामान बिखरा पड़ा था। उनकी पत्नी के कटनी से लौटने पर पता चला कि चोरों ने चांदी के हार, बिछिया, सोने के टॉप्स, सोने-हीरे की लौंग और अन्य कीमती जेवरात चोरी कर लिए हैं। रविवार को कोतवाली पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। चोरी

चोरों ने पास ही रहने वाले शिक्षक अनिल रहांगडाले के घर में भी घुसने की कोशिश की। अनिल सिवनी में तैनात हैं और वहां परिवार के



साथ रहते हैं। उनकी साली, जो इस घर की देखभाल करती हैं, वे भी गांव गई हुई थीं। चोरों ने यहां हाथ साफ करने की कोशिश तो की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।

## हिंदू सम्मेलन :हट्टा में आरएसएस प्रांतीय सहसंयोजक ने की चर्चा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 1 फरवरी को बालाघाट के हट्टा के गुजरी चौक में एक हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्र के लगभग सात गांवों से 3 हजार से अधिक हिंदू धर्मावलंबी शामिल हुए।



कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्मीनारायण मंदिर से कलश यात्रा के साथ हुई। यह यात्रा हट्टा ग्राम का भ्रमण करते हुए आयोजन स्थल गुजरी चौक पहुंची। सम्मेलन में आरएसएस के प्रांतीय सहसंयोजक अनिल चंद्रवंशी, गायत्री मंदिर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी डॉ. चारूदत्त जोशी और प्रबंध ट्रस्टी महेश खजांची सहित कई महिला प्रवक्ता मौजूद थीं।

गणतंत्र दिवस परेड की ली सलामी, उत्कृष्ट कर्मचारियों को किया सम्मानित

## मॉयल के नये सीएमडी व्ही. सुरेश ने किया भरवेली खदान का भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मॉयल लिमिटेड की भरवेली खदान का कंपनी के नये अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) व्ही. सुरेश ने पदभार ग्रहण करने के बाद दो दिवसीय भ्रमण किया। यह उनका भरवेली खदान का पहला आधिकारिक दौरा था। इस दौरान उन्होंने खदान के विभिन्न कार्यस्थलों का निरीक्षण कर उत्पादन, सुरक्षा और तकनीकी गतिविधियों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।



सीएमडी के साथ निदेशक (उत्पादन एवं योजना) एम.एम. अब्दुल्ला, निदेशक वाणिज्य सुश्री रश्मि सिंह कार्यकारी निदेशक (तकनीकी) किशोर चन्द्राकर, कार्यकारी निदेशक विविधकरण राजेश वर्मा,महाप्रबंधक (तकनीकी विकास) रंजन परिदा, महाप्रबंधक (विविधीकरण) राजेश भट्टाचार्य, अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक समूह-एक उम्मेदसिंह भाटी, खान प्रबंधक विवेक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

भ्रमण के दौरान सीएमडी व्ही. सुरेश ने भूमिगत एवं ओपनकास्ट खदान, फेरो मैंगनीज प्लांट तथा अन्य गतिशील परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने खनन कार्यों में सुरक्षा, गुणवत्ता और पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक निर्धारित उत्पादन लक्ष्य को सामूहिक प्रयास और बेहतर कार्ययोजना से प्राप्त किया जाएगा। इसके लिए तकनीकी उन्नयन, कार्यकुशलता और टीम भावना को और मजबूत करना आवश्यक है।

राष्ट्रीय पर्व 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर दुर्गा चौक खेल मैदान में आयोजित समारोह में सीएमडी व्ही. सुरेश ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। ध्वजारोहण के बाद अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों ने राष्ट्रगान के माध्यम से देश के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सीएमडी के हस्ते पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में सीएमडी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान के मूल्यों—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व—की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि मॉयल लिमिटेड आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के अनुरूप देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। खनन क्षेत्र में सुरक्षा, गुणवत्ता और सामाजिक उत्तरदायित्व को प्राथमिकता देते हुए मॉयल आगे भी राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाता रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। अंत में अभिकर्ता उम्मेदसिंह भाटी ने अतिथियों एवं उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणजनों का आभार व्यक्त किया।

## संत रविदास जयंती मनाई गई, हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में रविवार, 1 फरवरी को संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बूढ़ी अस्पताल के सामने स्थित संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण और नमन के साथ हुई, जिसके बाद संत गुरु रविदास सांस्कृतिक भवन में मुख्य आयोजन किए गए।



सांस्कृतिक भवन में आयोजित मंचीय कार्यक्रमों के दौरान समाज के लोगों ने संत रविदास के जीवन दर्शन और उनकी शिक्षाओं के बारे में बताया।

वक्ताओं ने बताया कि रविदास मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के एक महान संत, कवि और समाज सुधारक थे, जिन्होंने समानता, प्रेम और निराकार ईश्वर की भक्ति का संदेश दिया।

उन्होंने जाति-पांत का विरोध किया और ₹मन चंगा तो कठौती में गंगा₹ के माध्यम से आंतरिक पवित्रता को बाहरी आडंबरों से अधिक महत्व दिया।

वक्ताओं ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समाज के जिला सचिव दिलीप कुंभरे ने बताया कि इस जयंती वर्ष को लेकर समाज में खासा उत्साह है।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए साल 2024-25 की बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही, समाज के 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का भी सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया गया।

इस जयंती महोत्सव में सदगुरू रविदास सामाजिक संगठन के संरक्षक अमीरचंद छिपेश्वर, अध्यक्ष राधेश्याम कनौजिया, कोषाध्यक्ष भैयालाल महोबे और उपाध्यक्ष विनोद छिपेश्वर सहित कई पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। बड़ी संख्या में जुटे समाजजनों ने आपसी एकता के साथ इस उत्सव को मनाया।

## कांग्रेस जनसंपर्क कार्यालय में मनाई गई महात्मा गॉधी की पुण्यतिथि

**वारासिवनी।** कांग्रेस जनसंपर्क कार्यालय में शुक्रवार को कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78 वीं पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने महात्मा गॉधी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल ने कांग्रेसजनों को संबोधित करतेर हुए कहा कि देश की आजादी में गांधी जी के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता है। गांधी जी ने आजादी की लड़ाई में बिना हथियार के लड़ाई कर विजय हासिल की। उन्होंने कहा कि केवल भारत में ही नहीं दूसरे देशों में भी कई आंदोलन को उन्होंने तेज किया। रंगभेद के विरुद्ध उन्होंने आवाज उठाई थी। महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं, एक सोच है। वह सोच जिसे कभी एक साम्राज्य ने, कभी एक नफरत की विचारधारा ने और कभी अहंकारी सत्ता ने मिटाने की असफल कोशिश की।

## शास.बालक उमावि हट्टा में पांच दिवसीय करियर काउंसलिंग एवं करियर मेले का आयोजन





**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हट्टा में आयुक्त लोक शिक्षण समग्र शिक्षा अभियान सेकेंडरी एजुकेशन मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार अध्यनरत कक्षा 9वी से 12वीं तक के विद्यार्थियों को पांच दिवसीय केरियर काउंसलिंग एवं केरियर मेले का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। आयोजन में संस्था की प्राचार्य श्रीमती रेखा वानखेडे के मार्गदर्शन में केरियर मेले का आयोजन 27 जनवरी से 31 जनवरी तक किया गया।

इस कार्यशाला में शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट से राजेश कुमार गौतम सहायक प्राध्यापक, सरदार पटेल यूनिवर्सिटी से प्रोफेसर नरेश कुमार सपाटे, शास. महाविद्यालय हट्टा से अक्षय मण्डराहा सहायक प्राध्यापक एवं बंसत दशरिया सहायक प्राध्यापक ने बच्चों को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके साथ ही संस्था से प्राचार्य श्रीमती रेखा वानखेडे, कैरियर मार्गदर्शन प्रभारी श्रीमती दीपा गोस्वामी प्रेम कुमार भावे नोडल अधिकारी नवीन व्यावसायिक शिक्षा, पीएल उके व्याख्याता,मदन पारधी उच्चतर माध्यमिक शिक्षक, बलवीर सिंह बुंदेला उच्चतर माध्यमिक शिक्षक, भाउराम महंत उमाशि, बाबुलाल डोंगरे उमाशि,रियानत सर उमाशि,विजय कुमार येरपुड़े उच्चतर माध्यमिक शिक्षक, तुलसीराम बघेल व्यावसायिक शिक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर एवं सुश्री लक्ष्मी पंचेश्वर व्यावसायिक शिक्षण आईटी एंड आईटीईएस ने छात्र-छात्रा को कौशल आधारित, व्यवसाय आधारित, उच्च शिक्षा, शासकीय सेवा, सिविल सेवाए में यूपीएससी एवं पीएससी परीक्षायें, खेलकुद के क्षेत्र में विभिन्न संभावनाए तथा जीवन कौशल आधारित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके साथ ही यू ट्यूब चैनल के माध्यम से प्रतिदिन विषय विशेषज्ञों के द्वारा बच्चों को दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक करियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, बालाघाट में वार्षिकोत्सव पर रंगारंग कार्यक्रमों की धूम

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट नगर के हृदय स्थल नूतन कला निकेतन में प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, बालाघाट का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 29 जनवरी से 31 जनवरी तक अत्यंत भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। किसी ने नाटक मंचन के माध्यम से सामाजिक संदेश दिया तो किसी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अपने-अपने विषयों पर प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए गए, जिनका ऑब्जर्वेशन डॉक्टर शुभम लिल्हारे, डॉक्टर निलय शिंदे, डॉक्टर अंकित राणा एवं डॉक्टर इंद्रजीत भोयर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन विक्रांत वर्मा, संचालिका दुर्गा वर्मा एवं ब्रांच हेड पायल वड़ाईकर के कर-कमलों से संपन्न हुआ। संस्था के चेयरमैन विक्रांत वर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें मां काली एक्ट की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव के प्रथम दिवस विद्यार्थियों द्वारा अपने-अपने विषयों से संबंधित प्रोजेक्ट वर्क का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। दूसरे दिवस मेहंदी, ग्रीटिंग कार्ड, पेंसिल आर्ट, बुके निर्माण, गुपचुप (पानीपुरी) एवं अंताक्षरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### प्रतियोगिताओं के परिणाम

मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम ज्योति, द्वितीय वीणा तुमसरे, तृतीय राखी। हेडआउट ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता में प्रथम पलक एंड ग्रुप, द्वितीय संगीता बागड़े, तृतीय निमिषा मर्सकोले, पेंसिल आर्ट प्रतियोगिता में प्रथम नागेश्वरी नायक, द्वितीय पूनम सोनबिरसे, तृतीय पलक लिल्हारे, बुके प्रतियोगिता में प्रथम लेखनी, द्वितीय संगीता, तृतीय महक। अंताक्षरी प्रतियोगिता में प्रथम प्रियदर्शिनी टाइटंस (अल्फिया, अशफिया, शिक्षा, साक्षी)द्वितीय रेडियोलॉजी पैंथर्स (सिंधु, मालविका, पलक, दीपांशी)तृतीय डायनामिक चैलेंजर (पायल पंचेश्वर, देविका, लेखनी, सलोनी)पानीपुरी प्रतियोगिता में प्रथम अश्विनी, द्वितीय खुशबू, तृतीय श्रुति मात्रेगायन प्रतियोगिता में प्रथम आशीष दशहरिया, द्वितीय सिंधु पटले। नाट्य प्रस्तुति में प्रथम काली माता नाट्य, द्वितीय तारक मेहता नाट्य, तृतीय समर्पित जूनियर्स। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम राजस्थानी नृत्य, द्वितीय साउथ इंडियन नृत्य, तृतीय बंगाली नृत्य, बेस्ट लुक में प्रिया नखाते स्टूडेंट ऑफ द ईयर, आशीष दशहरिया , तमन्ना टेंभरे, कृतिका वर्मा कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्राचार्य डॉक्टर शिवरतन पवार, डॉक्टर निलय शिंदे, ऋषिराम वर्मा, इंद्रेश बिसेन, डॉक्टर प्रकाश शिववंशी, डॉक्टर कंचन बिसेन, डॉक्टर रागिनी राहंगडाले, विनय कुमार साहू, डॉक्टर नेहा खान, निशा यादव, पायल बागरी, अजय कुमार सूर्यवंशी, गया प्रसाद बसेने, पूनम सिंह दशहरिया, गायत्री कटरे, सारिका लिल्हारे, कल्याणी क्षीरसागर, रश्मि हरिनखेड़े, योगेश्वरी नगपुरे, ज्योति नगपुरे , रेशमा मात्रे,रश्मि दमाहे, गौतम मेश्राम, भुवनेश्वर सैनी, हेमंत सैनी,वैशाली श्रीवास्तव, रोहन वर्मा, प्रणाली पटले, संकेत चौधरी, जीवेंद्र पांचे एवं ज्योति हट्टेवार का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन अभिलेश रावते एवं कृतिका वर्मा द्वारा किया गया। संस्था के मीडिया प्रभारी श्याम कुमार पटले एवं कोरियोग्राफर राहुल मेड़ावी की भूमिका सराहनीय रही।